# केन्द्रीय परीक्षा समिति, बिहार।

सं.सं.–2/परी0–01–(राज0)–35/2017–2853

प्रेषक,

मो0 सलीम, भा.प्र.से.,
सचिव,
राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी प्रधान सचिव, बिहार।

महानिबंधक, माननीय उच्च न्यायालय, पटना।

निदेशक, बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड), पटना।

प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना।

सभी प्रमण्डलीय आयुक्त, बिहार।

सभी प्रक्षेत्रीय आरक्षी उप महानिरीक्षक, बिहार/सभी पुलिस अधीक्षक, बिहार।

प्रधान महालेखाकार, बिहार, पटना।

सभी विभागाध्यक्ष, बिहार, पटना/ सभी जिला पदाधिकारी, बिहार।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार, पटना।

सभी अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण, भवन निर्माण, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, जल संसाधन विभाग एवं ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना।

मुख्य लेखा नियंत्रक, बिहार, पटना।

अवर सचिव/ प्रभारी पदाधिकारी, वैयक्तिक दावा निर्धारण कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना।

पटना, दिनांकः– 16-11-2017

विषयः– दिनांक–22.09.2017 से 25.09.2017 तक आयोजित राजपत्रित पदाधिकारियों की प्रथम/द्वितीय अर्द्धवार्षिक विभागीय परीक्षा 2016 एवं प्रथम अर्द्धवार्षिक विभागीय परीक्षा 2017 का परीक्षाफल।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि 22.09.2017 से 25.09.2017 तक आयोजित राजपत्रित पदाधिकारियों की प्रथम/द्वितीय अर्द्धवार्षिक विभागीय परीक्षा 2016 एवं प्रथम अर्द्धवार्षिक विभागीय परीक्षा 2017 के परीक्षाफल इस पत्र के साथ राजस्व पर्षद बिहार, पटना के वेबसाईट– **http://boardofrevenue.bih.nic.in** पर upload कर दिया गया है।

परीक्षाफल में परीक्षार्थियों के नाम, अनुक्रमांक, पदनाम, कार्यालय पता एवं कोटि उनके नियंत्री पदाधिकारी द्वारा अग्रसारित आवेदन पत्र के अनुसार अंकित है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति कोटि के परीक्षार्थी को विषय–वार उक्त कोटि हेतु निर्धारित उत्तीर्णांक के आधार पर परीक्षाफल तैयार किया गया है। यदि उपरोक्त विवरणी में किसी प्रकार की त्रुटि हो तो संबंधित परीक्षार्थी अपने नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से अपने uploaded आवेदन पत्र की प्रति के साथ 90 दिन के अन्दर आवेदन राजस्व पर्षद के कार्यालय में दे सकते हैं जिसपर नियमानुसार विचार किया जायेगा। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त अभ्यावेदन पर कोई कार्रवाई नहीं की जायेगी। उत्तर पुस्तिकाओं के पूर्नमूल्यांकन से संबंधित किसी प्रकार का अभ्यावेदन स्वीकार्य नहीं होगा।

परीक्षा में उत्तीर्ण पदाधिकारियों को परीक्षाफल अलग से नहीं भेजा जा रहा है। परीक्षाफल राजस्व पर्षद के वेबसाईट– **http://boardofrevenue.bih.nic.in** पर upload कर दिया गया है। अतः अनुरोध है कि उक्त परीक्षाफल से अपने नियंत्रणाधीन पदाधिकारियों को अवगत कराने की कृपा की जाये।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

विश्वासभाजन

16/11/17

सचिव,
राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

e:\gazzted exam sep 2017\guz exam forwarding\s0_2_pari_01_raj_02_2017.docx